सोमवार • 18.03.2024
अमर उजाला

लड़कों में पुनीत, लड़कियों में महक सर्वश्रेष्ठ एथलीट

डीएवी कॉलेज में कराए गए मुकाबले

विजेता प्रतिभागियों के साथ मौजूद जिप अध्यक्ष रमेश ठसका व अन्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

साढौरा। डीएवी कॉलेज में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपना दमखम दिखायाा। इस दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने पर बीए प्रथम के पुनीत व एमए प्रथम की महक को सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया।

प्रतियोगिता में लड़कों की 100 मीटर दौड़ में पुनीत ने प्रथम स्थान पाया। तुषार दूसरे व हरप्रीत तीसरे स्थान पर रहा। लड़कियों की 50 मीटर दौड़ में मुर्शीदा ने पहला स्थान प्राप्त किया।

अमरजीत ने दूसरा और अंजू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। धीमी साइकलिंग में नेहा प्रथम रही। जबकि प्रियंका ने दूसरा व अंशिका ने तीसरा स्थान पाया। तीन टांग दौड़ में अमरजीत व मुर्शीदा ने प्रथम रहीं। महक व मीना ने दूसरे वनिधि एवं निशा ने तीसरे स्थान पर रहीं।

लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में मीना ने पहला, दलविंद्र ने दूसरा व अंजलि ने तीसरा स्थान पाया। जिला परिषद चेयरमैन रमेश चंद्र ठसका ने सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि खेलों से स्वस्थ रहने के अलावा अच्छा कॅरिअर भी बनाया जा सकता है। इसलिए सभी को खेलों में जरूर भाग लेना चाहिए। प्रप्राचार्य डॉ. तेजबीर सिंह ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान एथलेटिक मीट के संयोजक डॉ. गुरमेज सिंह, योगेश सिंह मोहन, एसके दुबे, दर्शन लाल, राजेंद्र, छत्रपाल, अनुपम खन्ना, ऋतु, नेहा, सुनीता सहित अन्य मौजूद रहे।